
साप्ताहिक
# बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना
प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**
E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**
वर्ष : 6 | अंक : 05 गोंदिया : गुरुवार, दि. 11 सितम्बर से 17 सितम्बर 2025 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5




### युवक ने गटका जहर



**भंडारा**–जहरीली दवा पीने से उपचाराधीन युवक की मौत हो गई. मृतक का नाम गांधी वार्ड, भिलेवाड़ा निवासी रविकांत युवराज वाढई (35) है. रविकांत ने जहरीला दवा खा लिया था, जिसके बाद उसे भंडारा स्थित पडोले अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

# मजदूरी के पैसे मांगा तो उतारा मौत के घाट
## दवनीवाड़ा हत्याकांड का खुलासा 2 आरोपी गिरफ्तार



**बुलंद गोंदिया।** दवनीवाड़ा पुलिस थाना अंतर्गत रायपुर से सालईटोला की ओर जाने वाले मार्ग पर 2 सितंबर की रात 9ः00 से 10ः45 बजे के दौरान रायपुर निवासी हनसलाल भंडारी उम्र 37 वर्ष का शव मिला था। जिसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में मृतक द्वारा मजदूरी के पैसे मांगे जाने पर हत्या किए जाने का खुलासा लोकल क्राइम ब्रांच व दवनीवाड़ा पुलिस द्वारा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दवनीवाड़ा पुलिस थाना अंतर्गत 2 सितंबर2025 की रात 9ः00 से 10ः45 के दौरान दवनीवाड़ा परिसर के ग्राम रायपुर से सालाईटोला की ओर जाने वाले मार्ग पर रायपुर निवासी मृतक हनसलाल भंडारी का शव प्राप्त मिला था जिसके सिर पर अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या की थी। इस मामले में दवनीवाड़ा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की उपरोक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए लोकल क्राइम ब्रांच वदवनीवाड़ा पुलिस के विभिन्न पथक बनाकर जांच शुरू की गई। इसी दौरान गुप्त जानकारी के आधार पर आरोपी रायपुर निवासी कपूरचंद उर्फ बंटी हरिश्चंद्र ठाकरे उम्र 39 वर्ष वह ओमकार चेतराम नेवारे उम्र 52 वर्ष के शामिल होने की पुष्टि होने पर उन्हें हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। जिस पर आरोपियों द्वारा स्वीकार किया गया कि मृतक हनसलाल भंडारी यह आरोपी क्रमांक एक कपूर चंद उर्फ बंटी हरिश्चंद्र ठाकरे के यहां बांधकाम के काम पर मजदूरी करता था। दिनांक 2 सितंबर की रात 9ः00 बजे से 10ः30 बजे के दौरान आरोपी क्रमांक 1 का मजदूरी के पैसे को लेकर विवाद हुआ था जिस पर आरोपी द्वारा घर पर पैसे मांगने क्यों आया इस बात को लेकर लातमुक्के से इसकी जबरदस्त पिटाई करने के पश्चात धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर हत्या कर दी थी। उपरोक्त कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक गौरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, उप विभागीय पुलिस अधिकारी तिरोडा साहिल झरकर द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर लोकल क्राइम ब्रांच के पुरुषोत्तम अहेरकर, पुलिस निरीक्षक श्रीमती वैशाली ढाले, सपोनी धीरज राजूरकर, संजय कुमार टेकाम, पुलिस उप निरीक्षक वनीता सायकर, शरद सैदाने, महेश राठौड़ तथा लोकल क्राइम ब्रांच गोंदिया वह पुलिस स्टेशन दवनीवाड़ा के अमालदार सिपाहियों द्वारा की गई।

### ट्रैक्टर सहित सागौन तस्कर को धरदबोचा

**गोंदिया**–सहवन परिक्षेत्र कार्यालय अंतर्गत कोयलारी में एक सागौन तस्कर को आरी और ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार किया गया. वन विभाग द्वारा हिरासत में लिए गए व्यक्ति का नाम कोयलारी निवासी नीलेश हीरालाल मेश्राम बताया गया है. सड़क अर्जुनी तहसील के शेंडा सहवन परिक्षेत्र के सहाकेपार, कोयलारी, पुतली, सालेधरणी क्षेत्रों में अवैध वृक्ष कर्मचारियों को मिली गुप्त सूचना के ने कोयलारी निवासी आरोपी नीलेश हीरालाल मेश्राम को एक ट्रैक्टर में पेड़ काटने की आरी, 91,228 रु. कीमत का एक नग 1.78 घन मीटर सागौन सहित पकड़ा गया. इस मामले में आरोपी के खिलाफ वन अपराध का मामला दर्ज कर ट्रैक्टर जब्त किया गया. इस कार्रवाई को सड़क अर्जुन वन परिक्षेत्र अधिकारी मिथुन तरोने के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र सहायक वर्षा रहिले, वन रक्षक वनिता ब्राह्मणकर, शालू शिवणकर, कोयलारी वन रक्षक संजय हटवार, सहाकेपार वन रक्षक विवेक काईट, वनकर्मी यशवंत शेंडे, चैतराम खंडालकर और तेजराम लोखंडे ने की. कटाई की चर्चा थी. वन विभाग के सड़क अर्जुनी वन परिक्षेत्र कार्यालय आधार पर वन विभाग के कर्मचारियों ने की कार्रवाई

## पालकमंत्री बाबासाहेब पाटिल जिले के तीन दिवसीय दौरे पर



**बुलंद गोंदिया।** राज्य के सहकारिता मंत्री एवं गोंदिया जिले के पालकमंत्री बाबासाहेब पाटिल 11, 12 और 13 सितंबर 2025 को गोंदिया जिले के दौरे पर हैं और उनका दौरा कार्यक्रम इस प्रकार है। गुरुवार, 11 सितंबर को सुबह 11.45 बजे वे हैदराबाद से विमान द्वारा बिरसी हवाई अड्डे, गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 1.30 बजे बिरसी हवाई अड्डे, गोंदिया पहुँचेंगे। वे दोपहर 2 बजे बिरसी हवाई अड्डे से कार द्वारा शासकीय विश्राम गृह, गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 2.30 बजे शासकीय विश्राम गृह, गोंदिया पहुँचेंगे और चेक-इन करेंगे। शुक्रवार, 12 सितंबर को सुबह 10.30 बजे वे जिला कलेक्ट्रेट परिसर में गोंदिया के नए भवन, नियोनाज़ भवन का उद्घाटन करेंगे। सुबह 11 बजे नियोनाज़ भवन गोंदिया में जिला योजना समिति की बैठक। दोपहर 1.30 बजे चेक-इन। पर्वतीय संभाग विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक, समायोजन भवन गोंदिया में दोपहर 3 बजे। तत्पश्चात, शासकीय विश्राम गृह गोंदिया आगमन एवं आरक्षण। शनिवार, 13 सितंबर को प्रातः 9.30 बजे गोंदिया में स्थानीय कार्यक्रम हेतु आरक्षण। प्रातः 11.40 बजे शासकीय विश्राम गृह गोंदिया से बिरसी हवाई अड्डे के लिए कार द्वारा प्रस्थान। दोपहर 12.50 बजे बिरसी हवाई अड्डे पर आगमन। दोपहर 1.50 बजे बिरसी हवाई अड्डे गोंदिया से शमशाबाद राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हैदराबाद के लिए विमान द्वारा प्रस्थान।

## कलेक्शन के लिए निकला एजेंट गायब
### पुलिस ने मामले में की जांच प्रारंभ

**गोंदिया**–मध्यप्रदेश की स्पंदना माइक्रो फाइनेंस लि. बालाघाट की लांजी शाखा में कलेक्शन एजेंट गोंदिया जिले की सालेकसा तहसील से अचानक गायब हो गया. लापता युवक की खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कहीं भी पता नहीं लग पाया है. इस घटना से मध्यप्रदेश सहित गोंदिया जिले में सनसनी फैल गई है. लापता युवक का नाम शुभम वाहने (26) बताया गया है. जानकारी के अनुसार स्पंदना माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड बालाघाट की लांजी शाखा में कलेक्शन एजेंट के पद पर कार्यरत शुभम वाहने मूलतः रामपायली के देतबर्रा का निवासी है. जिसकी अंतिम लोकेशन सालेकसा तहसील के ग्राम चिंचटोला–रामटोला के आस पास की बताई जा रही है. कंपनी के मैनेजर से प्राप्त जानकारी से पता चला कि शुभम वाहने 4 सितंबर को अपने प्रातः लेन–देन के रु. जमा करने के बाद दोपहर के कलेक्शन के लिए रवाना हुआ था. लेकिन अचानक वह लापता हो गया. जिसकी खोजबीन किए जाने के बावजूद उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया. मामले की गंभीरता को देखते हुए सालेकसा थाने में शिकायत की गई. जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

## अनधिकृत संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु करे सहयोग

**बुलंद गोंदिया।** किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं संशोधित अधिनियम 2021 तथा महाराष्ट्र राज्य किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) नियम 2018 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य में अवैध बाल गृह, छात्रावास, अनाथालय चलाए जा रहे हैं और यह देखा जा रहा है कि इन संस्थाओं में बच्चों को अवैध रूप से हिरासत में रखने और उनके साथ शारीरिक, मानसिक एवं यौन दुर्व्यवहार किए जाने के बारे में समाचार पत्रों में विभिन्न समाचार प्रकाशित हो रहे हैं। यह मामला अत्यंत गंभीर है और किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं संशोधित अधिनियम, 2021 का उल्लंघन है। किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं संशोधित अधिनियम, 2021 की धारा 41 के अनुसार मान्यता प्राप्त होना आवश्यक है और यह प्रावधान किया गया है कि बिना पंजीकरण प्रमाण पत्र के ऐसी संस्था चलाने वाले किसी भी संस्थान या व्यक्ति को किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 42 के अनुसार एक वर्ष के कारावास या कम से कम 1 लाख रुपये के जुर्माने या दोनों से दंडित किया जाएगा। यदि आपके जिले या आसपास के क्षेत्रों में ऐसी अनधिकृत संस्थाएँ पाई जाती हैं, तो कृपया जिले के जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के साथ-साथ चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098 पर संपर्क करें और बच्चों के विरुद्ध शारीरिक, मानसिक और यौन अपराधों की रोकथाम में सहयोग करें, ऐसी अपील महिला एवं बाल विकास आयुक्त नयना गुंडे और जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने की है।

## प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थी
## शालेय तलवारबाजी स्पर्धा में विभाग स्तर हेतु चयनित



**बुलंद गोंदिया।** प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल सी.बी.एस.ई. बोर्ड के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने क्रिडा व युवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे अंतर्गत जिला क्रिडा अधिकारी कार्यालय गोंदिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय तलवारबाजी स्पर्धा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन के साथ जिलास्तर पर प्रथम स्थान पर सफलता प्राप्त की व विभाग स्तर प्रतिस्पर्धा हेतु अपना नाम सुनिश्चित किया।

जिसमें विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थी मा. आदित्य सय्याम, कु. श्वेता पंधरे, कु. सराना बुर्ले, कु. ईशा वाधवे, कु. सानिया बुर्ले, कु. छाया तुमदाम, कु. सानिया भलावी, कु. लाची मडावी, कु. यामिनी मडावी, कु. सलोनी चौधरी, कु. सलोनी राऊत विभाग स्तर पर होनेवाली स्पर्धा में गोंदिया जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पी. कटकवार, संस्था सचिव डॉ. निरज कटकवार, श्रीमती लीना एन. कटकवार प्राचार्या श्रीमती मिनाक्षी महापात्रा, विकास पटले ने सभी चयनित विद्यार्थियों व क्रिडा शिक्षक फलेंद्र मेंढे, रंजित गौतम, इंदल लिल्हारे, अर्चना बालाधरे, आयुष चौरे, अविनाश नागदेवे को बधाई देते हुए विभागस्तरीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ दी।

# आमगांव परिसर में अवैध रूप से चल रहे हैं सट्टा जुआ कसीनो अड्डों पर
# पुलिस द्वारा तत्काल हो करवाई अन्यथा करेंगे आंदोलन- नवीन असाटी

**बुलंद गोंदिया। ( संवाददाता आमगांव )**- आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुआ सट्टा केसीनो, क्रिकेट सट्टा आदि का खेल बड़े पैमाने पर अवैध रूप से चल रहा है। जिसे पुलिस का संरक्षण प्राप्त है इस कारण आम नागरिकों की सुरक्षा, मानसिक शांति व जीवन पर इसका गंभीर असर दिखाई दे रहा है इस पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग नवीन कृष्ण कुमार असाटी द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित पत्र परिषद में प्रसासन से की है तथा इस मांग का निवेदन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भी पत्र के माध्यम से भेजा है। असाटी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत चल रहे परिसर में जुआ ,सट्टा केसीनो को बंद करने की मांग प्रशासन से किए जाने पर अवैध व्यवसाय करने वालों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संदर्भ में आमगांव पुलिस थाने में शिकायत किए जाने पर भी पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई न कर धमकी देने वालों को संरक्षण वह बड़ावा दिया जा रहा है जिसके चलते उसके परिवार व उस पर जान माल का खतरा निर्माण हो गया है। तथा वे भय के वातावरण में अपना जीवन गुजार रहे हैं। साथ हि यह स्थिति उनकी ना होकर आम नागरिकों की भी बनी हुई है तथा जनता के सुरक्षा अधिकारों का




उल्लंघन है तथा बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध धंधों के चलते कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं यदि समय रहते पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में यह मामला और अधिक संकट पूर्ण हो सकता है।

**दोषियों पर कार्रवाई व निष्पक्ष जांच की मांग**

पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अवैध तरीके से चलाई जा रही गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जाए दोषियों को हिरासत में लिया जाए गत दिनों परिसर में आत्महत्या जैसे मामलों की निष्पक्षिता से जांच की जाए तथा आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु विशेष निगरानी की जाए। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि पुलिस द्वारा अगर कार्रवाई नहीं की जाती तो इस संदर्भ में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ,जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक से कड़ी कार्रवाई के निर्देश देने की मांग पत्रकार परिषद के माध्यम से कर की है, तथा जल्द ही न्याय मिलने की अपेक्षा है यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो जन सहयोग से जन जागरण आंदोलन की चेतावनी दी।


## बिजली गिरने से किसान की मौत

**भंडारा**–तहसील के मानेगाँव बाजार क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 4 बजे आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई. मृतक किसान का नाम मानेगाँव बाजार निवासी बबन नत्थु भदाडे (52) है. जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, भदाडे हमेशा की तरह अपने खेत के खुले मैदान में बकरियाँ चराने गए थे. दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया, आसमान में घने बादल छा गए और तेज़ हवा के साथ बारिश शुरू हुई. इसी दौरान बिजली कड़कने की तीव्रता बढ़ गई. इसी बीच खेत में मौजूद भदाडे पर बिजली गिर पड़ी. जोरदार आघात से वे मौके पर ही ढेर हो गए और उनकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही जिला नियंत्रण कक्ष ने राजस्व और पुलिस विभाग को सूचित किया. अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा किया और आगे की कार्यवाही शुरू की है.

### चार आरोपियों ने साठगांठ कर लाठी से मारकर किया घायल

**गोंदिया**–रावणवाड़ी थाने के तहत गर्रा बुज. निवासी फिर्यादी सचिन बाबुलाल लांजेवार (41) चाय पीने के लिए स्कूटी से जा रहा था. इसी दौरान चार आरोपियों ने साठगांठ कर फिर्यादी के साथ ईंट व लाठी से मारपीट की. वहीं आरोपी रितिक गजेंद्र लांजेवार (23) ने फिर्यादी के सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया जिससे फिर्यादी बुरी तरह घायल हो गया. फिर्यादी की शिकायत पर रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार पंकज सव्वालाखे कर रहे हैं.



## संपादकिय...

# नेपाल में 'जेन-जेड' विद्रोह

नेपाल में जेनरेशन जेड के युवा आक्रोशित, आंदोलित और कुछ हद तक हिंसक होकर सडक़ों पर ही नहीं, बल्कि संसद भवन के भीतर भी घुस गए थे। यह बगावत सोशल मीडिया पर थोपी गई पाबंदियों के मद्देनजर नहीं, बल्कि देश की 'म्यूजिकल चेयर सत्ताओं' के खिलाफ एक जन-विद्रोह है। देर रात प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार ने फेसबुक, व्हाट्स एप, एक्स, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि 26 ऐप्स को पाबंदियों से मुक्त कर दिया, कई जगह कर्फ्यू भी उठा लिए गए, लेकिन जेन-जेड के युवा अब भी आंदोलित हैं। वे प्रधानमंत्री ओली की सरकार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। यह पीढ़ीगत फासलों और संक्रमण की लड़ाई है, द्वंद्व है। युवा देश में अपने प्रतिनिधित्व की सरकार चाहते हैं, ताकि उनकी तकलीफों को समझा जा सके। युवाओं का पलायन रोका जा सके। पढ़ाई और नौकरी के लिए उन्हें विदेशों में धक्के न खाने पड़ें। समग्रता में युवाओं का यह विद्रोह बेरोजगारी, महंगाई, व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्हें अब न तो प्रचंड का नेतृत्व चाहिए और न ही उन्हें ओली स्वीकार्य हैं। यह विद्रोह नेपाल में सत्ता-परिवर्तन की नई प्रस्तावना लिख सकता है। नेपाल में लोकतांत्रिक प्रणाली के प्रति भी जेन-जेड का मोहभंग इतना गहरा हो गया है कि वे राजशाही की बहाली के पक्ष में भी आंदोलित रहे हैं। बहरहाल नेपाल में अचानक उग्र हुए युवा विद्रोह में 20 मौतें हो चुकी हैं और करीब 500 युवा घायल हैं। पत्रकारों को भी गोली लगी है। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। विद्रोह के कारण राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास और केंद्रीय प्रशासनिक क्षेत्र के आसपास कर्फ्यू लगाना पड़ा था। सुरक्षा बढ़ानी पड़ी थी। कर्फ्यू 7 शहरों में लगाया गया था। प्रधानमंत्री ओली की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई गई और गृहमंत्री रमेश लेखक ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिया। दरअसल नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया था कि सोशल मीडिया की सभी विदेशी कंपनियां सरकार के आदेश का अनुपालन करें और नेपाल में पंजीकरण करा स्थानीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति करें। विदेशी कंपनियों ने इस फैसले को भी गंभीरता से नहीं लिया, नतीजतन सरकार को चीनी 'टिकटॉक' को छोड़ कर अन्य 26 ऐप्स को प्रतिबंधित करना पड़ा। नेपाल की आबादी करीब 3 करोड़ है, लेकिन करीब 1.65 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन हैं। लोग कोई न कोई सोशल मीडिया जरूर देखते हैं। सभी प्लेटफॉर्म निशुल्क हैं। ऐसे में जेन-जेड के युवाओं को लगा मानो उनकी आवाज दबा दी गई हो! नेपाल में बेरोजगारी दर 10.71 फीसदी है। महंगाई 5.2 फीसदी है। आर्थिक असमानता इतनी है कि 20 फीसदी लोगों के पास 56 फीसदी संपत्ति है। भाई-भतीजावाद और चहेतों को कुर्सी पर बिठाने से नेताओं के बच्चों की विदेशी यात्राएं, ब्रांडेड सामान, शान-ओ-शौकत की पार्टियां सोशल मीडिया पर चर्चित होने लगीं। फिलीपींस, इंडोनेशिया का 'नेपो बेबी' अभियान नेपाल में ही ट्रेंड करने लगा। सरकार ने पाबंदियां लगाईं, तो जेन-जेड ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश माना। बीते चार साल में तीन बड़े घोटाले सामने आए। करीब 55,000 करोड़ रुपए का 'गिरी बंधु भूमि घोटाला', करीब 14,000 करोड़ का 'ओरिएंटल कोऑपरेटिव घोटाला' और करीब 70,000 करोड़ रुपए का 'सहकारिता घोटाला' के अलावा वीजा, टेलीकॉम, पोखरा एयरपोर्ट आदि घोटाले भी चर्चा में रहे हैं।

# गोंदिया में नगर सर्वेक्षण कार्य को शीघ्र पूरा करें : बावनकुले

## लंबित मुद्दों पर दिए आवश्यक निर्देश



**गोंदिया**-राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में गोंदिया शहर का नगर सर्वेक्षण शीघ्र पूरा करने और तालुकाओं में भूखंडों का शीघ्र वितरण करने के निर्देश दिए. गोंदिया विस क्षेत्र के राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोंदिया विधायक विनोद अग्रवाल, नागपुर संभाग के संभागीय आयुक्त, जिलाधीश प्रजीत नायर, स्टांप एवं पंजीयन महानिरीक्षक और जमाबंदी आयुक्त उपस्थित थे. विधायक अग्रवाल ने गोंदिया में कई राजस्व संबंधी समस्याओं के कारण नागरिकों को हो रही कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया था, जिसके लिए उन्होंने इस बैठक का अनुरोध किया था. गोंदिया शहर में पिछले 5 वर्षों से लंबित नगर सर्वेक्षण को शीघ्र पूरा करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए. साथ ही, शहर में सिंधी समाज बंधुओं के स्वामित्व वाले मकानों और दुकानों के भूखंडों का शीघ्र वितरण करने के निर्देश भी दिए गए. ग्रामीण और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर अतिक्रमणों को नियमित करने पर जोर दिया गया. मौजा-कारंजा, मौजा-फुलचर, मौजा-कुड़वा और मौजा-कटंगी में भूमि की माप और सर्वेक्षण तुरंत पूरा करने के आदेश दिए. गोंदिया शहर और आस-पास के गांवों में भू-माफियाओं द्वारा अनधिकृत लेआउट में सड़कों और खुले स्थानों के अतिक्रमण से नागरिकों को राहत दिलाने के निर्देश दिए.

### अपर तहसीलदारों को सशक्त बनाने पर चर्चा

अपर तहसील कार्यालय में तलाठी, मंडल अधिकारी और कोतवाल की स्थापनाओं को सशक्त बनाने, ई-फरफर डैशबोर्ड पर अलग-अलग रिपोर्ट दिखाने और संजय गांधी निराधार योजना सहित अन्य कार्यों के लिए अपर तहसीलदारों को सशक्त बनाने पर चर्चा हुई. गोंदिया में द्वितीयक पंजीयक कार्यालय को दो भागों, शहरी और ग्रामीण में विकेंद्रीकृत करने की सिफारिश की गई. वहीं नए पटवारी कार्यालय निर्माण के लिए भी निर्देश दिए. राजस्व मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपील की. इस निर्णय से गोंदिया जिले में लंबित कई राजस्व समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी.

# मृत्यु के बाद भी दूसरों के जीवन को उज्जवल बना सकते हैं : लालवानी



**गोंदिया**-प्रतिवर्ष संपूर्ण देश में 25 अगस्त से 15 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। इसी पृष्ठभूमि में, केटीएस जिला सामान्य अस्पताल, धोटे बंधु महाविद्यालय और सक्षम एनजीओ के तत्वावधान में गोंदिया में जनजागरुकता के लिए एक नुक्कड़ नाटक का हाल ही में आयोजन किया गया। इस समय नेत्रदान के लिए सदैव सक्रिय रहने वाले नरेश लालवानी ने कहा कि, नेत्रदान एक महान दान है जो मृत्यु के बाद भी दूसरों के जीवन को उज्जवल बना सकता है। सभी को अपने परिवार और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरुकता निर्माण करनी चाहिए। गुरुद्वारे के सामने आयोजित कार्यक्रम को नागरिकों का भरपूर प्रतिसाद मिला। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले, जिला नेत्र शल्य चिकित्सक डा. चंद्रकिशोर पारधी और खड़के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। धोटे बंधु महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट यूनिट के के प्रमुख प्रा. राजकुमार पटले और प्रा. कल्पना घोषाल के मार्गदर्शन में छात्रों ने नेत्रदान के महत्व को प्रस्तुत करने के लिए एक अत्यंत प्रभावशाली और हृदयस्पर्शी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। सक्षम एनजीओ की ओर से प्रभाकर और यदुवंशी उपस्थित थे। नेत्रदान समुपदेशक भाविका नागपुरे ने नेत्रदान कौन कर सकता है और कौन नहीं, नेत्रदान के नियम, प्रक्रियाएं और सामाजिक व चिकित्सीय महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। रीता विजय अरोरा (नेत्रदान सहायक) भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पटले ने बताया कि किन रोगियों को नेत्रदान से लाभ होता है और किसी भी कठिनाई की स्थिति में संबंधित रोगी से कैसे संपर्क किया जाए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नेत्रदान के प्रति सकारात्मक विचार और सक्रिय भावना निर्माण करना था। ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरुकता निर्माण कर सकते हैं और कई लोगों को उज्जवल जीवन की नई आशा दे सकते हैं।

# छात्रों को सिखाया रुपयों का महत्व

## बंगाली स्कूल में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**गोंदिया**-बंगाली प्राइमरी स्कूल व रविन्द्रनाथ टैगोर हाईस्कूल के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्थिक विषय में साक्षर बनाना व भविष्य में छात्रों की आर्थिक समझ को मजबूत बनाना है. अध्यक्षता बंगाली शिक्षण संस्था के अध्यक्ष सुब्रोतो पाल ने की. मुख्य अतिथि उप जिलाधीश मानसी पाटिल, विशेष अतिथि कैनरा बैंक प्रबंधक सोनल त्रिपाठी के अलावा बंगाली शिक्षण संस्था सचिव एन.सी. शाहा, कोषाध्यक्ष एस.ए. रॉय, कार्यकारी सदस्य रतनकुमार रॉय, एस.बी. रक्षित, बंगाली प्राइमरी स्कूल के मुख्याध्यापक एच.एम. बागडे, रविन्द्रनाथ टैगोर हाईस्कूल के मुख्याध्यापक संतोषकुमार ठाकुर उपस्थित थे. शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन व माता सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण से हुई. अतिथियों ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का अवलोकन किया. अतिथियों को सुब्रोतो पाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया. उप जिलाधीश मानसी पाटिल ने छात्रों को वित्तीय साक्षरता का महत्व समझाया. सोनल त्रीपाठी ने वित्तीय निवेश के तरीके व बैंकींग व्यवहार के बारे में अवगत कराया. सुब्रोतो पाल ने विद्यार्थियों को रुपयों का महत्व समझाया व उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया.

# लिल्हारे के परिवार को दी आर्थिक मदद

**सोनपुरी**-आमगांव के रेलवे क्रासिंग पर दुर्घटना में मृत दिलीप मुन्नालाल लिल्हारे को परिजनों को आर्थिक मदद के लिए कई समाजसेवी व संगठन आगे आए हैं. आमगांव लोधी समाज सेवा समिति, लोधी नवयुवक मिलन समारोह समिति गोंदिया, आलोक पदाधिकारीयों के मार्गदर्शन में समाज बंधुओं से दान स्वरुप 19,000 रुपए जमा किए गए. इसमें से सामान के लिए 3000 रुपए व 16000 रुपए का चेक जि.प. सदस्य गीता लिल्हारे के हाथों दिया गया.इस दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य देवेंद्रसिंह मच्छिरके, झालिया के पूर्व सरपंच मनोज दमाहे, लोधी समाज सेवा समिति आमगांव अध्यक्ष जागेश्वर लिल्हारे, उपाध्यक्ष रोशनलाल लिल्हारे, सचिव रोशन गराड़े, सहसचिव केवलचंद मच्छिरके, कोषाध्यक्ष युवराज बसोने, संचालक तोषलाल लिल्हारे, जयेश लिल्हारे, रामचंद लिल्हारे, दिनेश ठेकवार, समाजसेवी ओमप्रकाश लिल्हारे, मिथलेश दमाहे, लोधी नवयुवक मिलन समारोह समिति पदाधिकारी, आलोक महाराष्ट्र प्रदेश पदाधिकारी, आलोक राष्ट्रीय पदाधिकारी दीपा मच्छिरके, शोभा मच्छिरके उपस्थित थे. इस दौरान पूर्व जि.प. सभापति सविता पुराम ने उपस्थित रहकर विधायक संजय पुराम की ओर से 5000 रुपए नगद राशि दी. उन्होंने तिपहिया साइकिल एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया.

# ग्राम रोजगार सेवकों का कामबंद आंदोलन

## रोजगार गारंटी कार्यों पर प्रभाव, मानधन पर रोष



**गोंदिया**-तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 3 अक्टूबर 2024 को रोजगार सेवकों का मानधन बढ़ाने के लिए एक सरकारी आदेश जारी किया था. लेकिन, इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है. इसलिए, महाराष्ट्र राज्य ग्राम रोजगार सेवक संगठन ने 1 सितंबर से काम बंद आंदोलन शुरू कर दिया है. ग्राम रोजगार सेवकों ने सरकारी आदेश लागू होने तक आंदोलन वापस न लेने की चेतावनी दी है. ग्रापं स्तर पर रोजगार गारंटी योजना का काम संभालने के लिए, सरकार ने 2006-07 में ग्राम सभा के माध्यम से प्रत्येक ग्रापं में एक ग्राम रोजगार सेवक का चयन किया था. पिछले कई वर्षों से, ग्राम रोजगार सेवक इस योजना का काम बहुत कम प्रतिशत पर संभाल रहे हैं. वे इससे अपने परिवार का भरण-पोषण भी नहीं कर सकते. पिछले कई वर्षों से, संगठन स्थायी मानधन पाने के लिए सरकार से प्रयास कर रहा है. इस पर ध्यान देते हुए, सरकार ने पूर्व में 3 अक्टूबर 2024 को ग्राम रोजगार सेवकों को हर महीने आठ हजार रु. और अन्य दो हजार रु. प्रदान करने के लिए एक सरकारी जीआर जारी किया था. लेकिन, पिछले दस महीनों से इस सरकारी जीआर को सरकारी स्तर पर लागू नहीं किया गया।

### प्रशासन कर रही अनदेखी

पूरे महाराष्ट्र में कई बार ज्ञापन देकर सरकार को इस समस्या के समाधान के लिए सूचित किया गया था. लेकिन, सोए हुए जनप्रतिनिधि कब जागेंगे? यह सवाल किया जा रहा है. जीआर को लागू करने के लिए, महाराष्ट्र राज्य ग्राम रोजगार सेवक संगठन ने 1 सितंबर से मांगें पूरी होने तक पूरे महाराष्ट्र में काम बंद आंदोलन शुरू कर दिया है. संगठन के अध्यक्ष संतोष रोकड़े ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा. नहीं किया गया है. पिछले छह महीनों से ग्राम रोजगार सेवकों को मानधन के रूप में एक भी रुपया नहीं मिला है. अगर सरकार जीआर लागू नहीं करना चाहती थी, तो यह जीआर क्यों जारी किया गया? यह सवाल ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा किया जा रहा है.

# शहर पुलिस की कार्रवाई, 1.75 लाख का माल जब्त

## 4 बाइक सहित चोर गिरफ्तार



**गोंदिया**-शहर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को 4 मोटरसाइकिल सहित नागपुर से गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई 8 सितंबर को की गई. पुलिस ने कुल 1.75 लाख रु. का माल जब्त किया है. जानकारी के अनुसार, सालेकसा तहसील के पाऊलदौना निवासी फिर्यादी अमित जगदीश तांडेकर (25) की मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 - यु 6449 को अज्ञात आरोपी ने गोंदिया रेलवे स्टेशन पार्सल ऑफिस के आगे से चुरा लिया. जिसकी शिकायत शहर थाने में की गई थी. पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में डीबी टीम आरोपी की तलाश कर रही थी. इसी दौरान मिली जानकारी के आधार पर भरतवाड़ा, नागपुर निवासी आरोपी लखपति उर्फ लख्खा बस्ताराम फेंडर (31) को गिरफ्तार किया गया. उससे मोटरसाइकिल के बारे में विस्तार से पुछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबुल किया. आरोपी के पास से मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 यु 6449, मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 एवाई 0393, एमएच 35 - एसी 7729 व एमएच 35 एके 0847 ऐसे कुल 1.75 लाख रु. का माल जब्त किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, डीबी टीम के हवलदार कवलपालसिंग भाटिया, सतिश शेंडे, सुदेश टेंभरे, निशिकांत लोंदासे आदि ने की है.

# नई फसल वाले किसान का सत्कार

## बोपचे ने सीजन की पहली फसल बेची



**तिरोड़ा**-स्थानिय कृषि उत्पन्न बाजार समिति में नये कृषि उपज माल की आवक शुरु हो चुकी है. ग्राम भजेपार निवासी धर्मलाल नत्थू बोपचे द्वारा पहली बार अपना कृषि उपज धान स्थानीय मंडी में बिक्री के लिए लाने पर उनका स्वागत किया गया. जानकारी के अनुसार ग्राम भजेपार निवासी धर्मलाल नत्थू बोपचे ने नई फसल सुंदर नामक धान तिरोड़ा मंडी में बिक्री के लिए लाने पर बाजार समिति की ओर से सभापति जितेंद्र रहांगडाले के हाथों उनका शॉल, श्रीफल व इलेट्रिक पानी पंप भेंट देकर सत्कार किया गया. इसी कड़ी में आडतिया तेजराम टेंभरे द्वारा उक्त कृषि माल को बिक्री करने के लिए उपसभापति भुमेश्वर रहांगडाले द्वारा उनका शॉल, श्रीफल से सत्कार किया गया. अ वर्ग व्यापारी काजल ट्रेडर्स की ओर से जयेंद्र मेश्राम द्वारा उक्त माल को सर्वोच्च भाव में खरीदने पर उनका घनश्याम पारधी द्वारा सत्कार किया गया. मार्केट यार्ड में उक्त कृषि उपज माल सुंदर नामक धान को 2,555 रु प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी-बिक्री किया गया. उल्लेखनीय है की, पिछले वर्ष भी इन्ही किसान का कृषि उपज माल सर्वप्रथम बिक्री के लिए मार्केट यार्ड तिरोड़ा में आया था.

# राजस्व विभाग की अभिनव पहल

## पगडंडी, गांव के मार्गों को अब मिलेगा क्रमांक

**गोंदिया**-जिस तरह राज्य के प्रमुख राज्य राजमार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों को विशिष्ट क्रमांक दिए जाते हैं, उसी तरह अब गांवों की सड़कों को भी क्रमांक दिया जाएगा. उल्लेखनीय है कि जिले के हर गांव और पगडंडी सड़क को भी आधिकारिक क्रमांक मिलेंगे और राजस्व विभाग की ओर से इस अभिनव पहल को लागू किया जाएगा. राज्य के कुछ जिलों में यह अभियान शुरू हो चुका है. ज्ञात हो कि जल्द ही जिले में भी यह पहल होगी. गांवों में पगडंडी सड़कों, वाड़ी बस्तियों की सड़कों और क्षेत्र की सड़कों को अब सड़कों को क्रमांक देने के लिए अतिक्रमण मुक्त समूहों का गठन किया जाएगा. राजस्व विभाग ने एक विशेष अभियान के तहत गांवों में पगडंडी सड़कों का एक बुनियादी नक्शा तैयार करने का निर्णय लिया है. इसके लिए गांव के नक्शे और सातबारा को आधार बनाया जाएगा. सर्वेक्षण और नक्शों की मदद से गांव-स्तरीय समितियों के माध्यम से बुनियादी सड़कों की पहचान की जाएगी. इससे किसानों के बीच विवादों का समाधान होगा और ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुगम होगा. गांवों में अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है. कई जगहों पर किसानों ने पगडंडी सड़कों को जोड़ दिया है, जिससे कृषि वस्तुओं के परिवहन में बाधा उत्पन्न होती है.

राजस्व विभाग इस समस्या पर नियंत्रण करेगा और प्रत्येक गांव की सड़कों की मूल पहचान निर्धारित की जाएगी. यह अभियान भू-अभिलेख उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, गुट विकास अधिकारी, पुलिस निरीक्षक के समन्वय से चलाया जाएगा. जिला प्रशासन राजस्व विभाग के माध्यम से इस पहल को गति देगा. जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर अतिक्रमण रुकेगा. विकास कार्यों के दौरान सड़कों का अधिक कुशलता से उपयोग किया जा सकेगा गांव की सड़कों और पगडंडी सड़कों को कोड क्रमांक दिया जाएगा. राजस्व विभाग ने इसके लिए एक विशिष्ट विधि निर्धारित की है. यह अभियान प्रत्येक जिले के राजस्व अधिकारियों के माध्यम से शुरू किया जाएगा. इस पहल से प्रत्येक गांव की सड़कों की पहचान करना आसान हो जाएगा. विकास कार्यों को गति मिलेगी और अतिक्रमण पर भी अंकुश लगेगा, मानचित्र पर सड़क क्रमांक स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा.

**अधीक्षक, निवासी उपजिलाधीश**

# घोगरा-चुभली मार्ग में पुल का 1 हिस्सा गिरा

**गोंदिया**-अतिदुर्गम नक्सलग्रस्त संवेदनशील क्षेत्र में स्थित घोगरा-चुभली मार्ग के पुल का एक हिस्सा गिर जाने से यह मार्ग अब आवागमन करने वालों के लिए खतरा बन गया है. देवरी तहसील अंतर्गत अतिदुर्गम नक्सलग्रस्त क्षेत्र में मगरडोह, घोगरा सहित अनेक ग्राम आते हैं. यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है, इस क्षेत्र में अनेक समस्याएं देखी जाती है. मगरडोह, घोगरा ग्राम जाने के लिए चुभली नदी पर पुल का निर्माण किया गया है. लेकिन पुल कई वर्षों से जर्जर अवस्था में होने से कई बार नया पुल निर्माण कार्य करने की मांग की गई. लेकिन इस ओर प्रशासन की ओर से अनदेखी की गई. आखिरकार शनिवार को सुबह के दौरान घोगरा चुभली मार्ग पर बना पुल का एक हिस्सा गिर गया. जानकारी मिलते ही मगरडोह ग्रापं के उपसरपंच देवीलाल भोगारे, मुनेश्वर कोसमे, पुनेश भोयर, लोकेश उइके व अन्य ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दी. इस तरह के जर्जर पुल से आवागमन करना लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है.



# ताय[ इंडो चैंपियन बना पूर्वाश



**गोंदिया**-श्री महावीर मारवाड़ी इंग्लिश स्कूल में अध्ययनरत छठवीं कक्षा के छात्र पूर्वाश जगदीश राऊत ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिलास्तरीय तायक्वांडो स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया. जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय और जिला क्रीडा परिषद गोंदिया द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में पूर्वांश ने अपनी अद्वितीय खेल क्षमता और कड़ी मेहनत के बल पर फाइनल में अपनी जगह बनाई और सभी को आश्चर्यचकित करते हुए स्वर्ण पदक जीता. इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, सचिव प्रकाशचंद कोठारी और समस्त कार्यकारिणी मंडल ने पूर्वांश राउत का अभिवादन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# देशव्यापी व्यापारी सम्मेलन 15 व 16 सितंबर को नागपुर में कैट विदर्भ प्रांत कार्यकारणी की सभा संम्पन्न




**बुलंद गोंदिया। ( नागपुर )**- कैट विदर्भ प्रांत कि नवनिर्वाचित कार्यकारणी की प्रथम मीटिंग नागपुर सदोदय बिल्डिंग कैट नागपुर के सभा गृह में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए बी. सी. भरतिया की प्रमुख उपस्थिति में कैट के विदर्भ प्रान्त अध्यक्ष विनोदभाई कलंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. कैट के विदर्भ प्रान्त अध्यक्ष विनोद कलंत्री ने अपने स्वागत पर भाषण में कहा कि नागपुर में राष्ट्रव्यापी व्यापारी अधिवेशन होना हम सब के लिए गर्व की बात तो है ही साथ ही इस अधिवेशन को सफल करना यह हम सब की सामुहिक जवाबदेही बनती है.इस हेतु हम सभी प्रयास करे ऐसा आवाहन कलंत्री ने किया सभा मे 8 अगस्त से शुरू हुए स्वदेशी अभियान के अतंर्गत विदर्भ के सभी जिल्हो मे हुए अभियान का ब्यौरा भी लिया गया एव इस अभियान को आगे भी शुरू रखने का निर्णय लिया गया.

### जीएसटी से जुड़ा प्रस्ताव पारित

अध्यक्ष विनोद कलंत्री ने सभा मे प्रस्ताव रखा कि सरकार ने उद्योजको के हित मे एक नियम बनाया है. जिसके तहत दो माह के भीतर सप्लायर को उनके किये गये मालकी सप्लाई का भुगतान करना यह अनिवार्य किया गया है. लेकिन सरकार ही इस नियम के विपरीत काम करती नजर आ रही है। कई सप्लायर जो कि छोटे एमएसएमी है उन्हे साल-साल भरतक सरकार से भुगतान प्राप्त नही हो रहा है. ऐसे मे उनके माल पर लग रहीं जीएसटी जमा करना यह कठिन हो रहा है जिसका आर्थिक खामियाजा वो बेवजह भुगत रहे है .सरकार ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए इस पद्धति को सुधारना चाहिए .जहा जीएसटी देने वाली सरकार है और लेने वाली भी सरकार है ऐसी स्थिति में सरकार ने माल पर लगने वाले जीएसटी का भुगतान निर्धारित कालावधि के भीतर सीधा जीएसटी विभाग को करना चाहिए .और उसका क्रेडिट उस सप्लायर को देना चाहिए. ताकि व्यापारी उद्योजकों को जीएसटी पर लगने वाले बेवजह ब्याज पेनाल्टी जैसे भुरदण्ड से राहत मिल सके यह प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित किया गया और शासन के दरबार में व्यापारियों की इस मांग को रखने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रव्यापी व्यापारी अधिवेशन मीटिंग में आगामी 15 एव 16 सितंबर को नागपुर में आयोजित राष्ट्रव्यापी व्यापारी सम्मेलन के नियोजन की जानकारी एव उद्देश्य से.भरतियाने उपस्थितों को अवगत करवाया . उन्होंने अपने मार्गदर्शन में इस बात पर जोर दिया कि यह अधिवेशन मात्र कैट का नही है बल्कि यह अधिवेशन देश के सभी व्यापारियों का है जिसमें स्थानीय उत्पादकों को उनके उत्पाद के लिए मंच उपलब्ध करवाना, स्थानीय दुकानदारों के व्यवसाय को वृद्धिगत करना है .

### स्वदेशी जनजागरण अभियान

सभा मे मुख्य रूप से उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के विभागीय कार्यवाह प्रा. पत्की ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था पर विदेशी कम्पनियां हम पर आक्रमण कर रही है ऐसे में इस देश के हर नागरिक का राष्ट्र सर्वोतपरि इस नाते यह दायित्व बनता है कि हम स्वदेशी का स्वीकार करे .और मुझे पूरा विश्वास है कि भारत की सबसे बड़ी व्यापारी संघटना इस नाते कैट, इस राष्ट्र व्यापी जनजागरण अभियान में बहोत बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करेगा। कैट नागपुर के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही हम इस अधिवेशन को कामयाब कर पाएंगे हमने विविध समितियों का गठन किया है उन समितियों का हम नियमित अवलोकन कर रहे है

### आपके सुझाव हमे अपेक्षित है।

सभा का संचालन कैट विदर्भ प्रान्त महामंत्री निकेश गुप्ता ने अनूठे अंदाज में करते हुए विदर्भ की अगली कार्यकारणी की मीटिंग अकोला में लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्व सहमति से पारित किया गया. उपस्थितियों प्रति आभार उपाध्यक्ष राजेंद्र निमोदिया ने व्यक्त किया सभा मे विदर्भ के सभी जिल्हो के प्रतिनिधि सर्वश्री राहुल अग्रवाल ( आर.डी ) गोंदिया ,राजेंद्र निमोदीया , गणेश गुप्ता , जगदीश शर्मा यवतमाळ,पुरुषोत्तम गुरव, धनंजय भिडे,जुवेल पटेल भंडारा, निकेश गुप्ता अकोला, अनिल केला वर्धा, रवींद्र गुप्ता ,राजू जैन दिलीप सारडा गडचिरोली, शाम शर्मा,सारंग राऊत ,गोपाल पांडे ,डॉ. कुंजन वेद,विधि नावन्दर अमरावती,जया एसके,कल्पना पांडे, विनोद गुप्ता,किशोर धरशिवकर,पुरषोत्तम सारडा मधुसूदन सारडा महेश कुकरेजा,विजय चौरसिया नागपुर आदि उपस्थित थे।

# गणपति बाप्पा चले अपने धाम अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ भक्तों ने दी भावभीनी विदाई



**बुलंद गोंदिया।** प्रतिवर्ष अनुसार 10 दिनों तक गणेश उत्सव पर्व इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितबर 2025 तक बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हजारों सार्वजनिक स्थानों के साथ नागरिकों ने अपने घरों में बाप्पा की मूर्ति की स्थापना कर भक्ति भाव से पूजा अर्चना की तथा अनंत चतुर्दशी दसवे दिन गणपति बप्पा अपने धाम की ओर चले जिन्हें भक्तों द्वारा अगले बरस तू जल्दी आ व गणपति बाप्पा जय घोष के साथ भावभीनी विदाई दी।

### इको फ्रेंडली विसर्जन

गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शहर के अनेकों स्थानों पर इको फ्रेंडली विसर्जन कुंड बनाए गए थे लायंस क्लब व नगर परिषद गोंदिया द्वारा हिंदी टाउन स्कूल मैदान में 10 वे वर्ष में कुंड बनाया गया था। जिसमें हजारों की संख्या में घरों में विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन इको फ्रेंडली तरीके से किया गया इस दौरान 10 दिनों तक जमा किए गए निर्माल्य भी अलग जमा किया गया।

जिले व शहर के आसपास के नदी व नालों में मूर्तियों का विसर्जन

गणेश प्रतिमाओं का शहर व जिले के आसपास के नदी व तालाबों में विसर्जन शनिवार 06 सितंबर की सुबह से ही शुरू हो गया था।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जिला पुलिस विभाग द्वारा सभी नदी व तलाव परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के साथ अनेक प्रमुख स्थानों पर गोताखोरों की दल तैनात किए गए तथा मुख्य रूप से महाराष्ट्र मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित बाघ नदी पर जिला आपदा प्रबंधन विभाग के दल को तैनात किया गया।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से 1 की मौत

**गोंदिया**-गोरेगांव तहसील के कोहमारा भडंगा मार्ग पर 8 सितंबर की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत हो गई. मृत व्यक्ति का नाम भडंगा निवासी ओमराज टेंभुर्णीकर (65) बताया गया है. भडंगा निवासी ओमराज टेंभुर्णीकर साइकिल से अपने गांव जा रहा था. इसी दौरान ट्रैक्टर क्र. सीजी 05 बी 3831 के चालक ने अपना ट्रैक्टर तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर कोहमारा से भडंगा मार्ग पर साइकिल को टक्कर मार दी. इस दौरान ट्रैक्टर के नीचे आने से ओमराज की मौत हो गई. ट्रैक्टर सलंगटोला निवासी भुपेंद्र भगत का बताया गया है. जानकारी गोरेगांव पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त किया है.

# खेत में गिरने से मौत

**गोंदिया**-गोरेगांव थाने के तहत हलबीटोला निवासी नंदलाल परसराम लिंगे (61) पठानटोला खेत में धान फसल को देखने गया था. इसी दौरान वह खेत में गिर गया. जिससे उसकी मौत हो गई. फिर्यादी राजकुमार नंदलाल लिंगे (43) की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है.

# प्रेम प्रकाश आश्रम का वार्षिक महोत्सव 18 से

**गोंदिया**-शहर का प्रसिद्ध श्री प्रेम प्रकाश आश्रम इस वर्ष अपने 23वें वार्षिक महोत्सव का आयोजन 18 से 22 सितंबर तक करने जा रहा है. यह महोत्सव भक्ति और आध्यात्मिकता का संगम होगा. 20 सितंबर को पूज्य श्री गुरु महाराज का तिरोड़ा से मंगल आगमन व भव्य स्वागत किया जाएगा. इसी दिन होगा मुख्य समारोह व विशाल शोभायात्रा. संत मंडल द्वारा प्रवचन, भजन-सत्संग और पावन जीवन गाथाओं का वाचन होगा. इस महोत्सव में आचार्य सद्गुरु स्वामी टंकाराम महाराज, स्वामी सर्वानंद महाराज, स्वामी शांति प्रकाश महाराज और स्वामी हरिदासराम महाराज की



दिव्य जीवन गाथाओं का उल्लेख किया जाएगा. आयोजक मंडल ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस आध्यात्मिक पर्व में सहभागी होकर सतगुरु महाराज व संत मंडल के दर्शन और सत्संग का लाभ उठाएं.

# पैसे बचेंगे, हर आधे घंटे में बिजली खपत का चलेगा पता बिजली उपभोक्ता हुए स्मार्ट




**गोंदिया**-महावितरण ने बिजली पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान शुरू किया है. साथ ही, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दैनिक बिजली खपत में 80 पैसे प्रति यूनिट की छूट देने की भी घोषणा की है. अब तक जिले में लगभग 1,87,226 बिजली उपभोक्ताओं के यहां नि:शुल्क स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. इस नई तकनीक वाले मीटर से स्वचालित मासिक रीडिंग होगी. मानवीय हस्तक्षेप न होने से ग्राहकों को सटीक क भुगतान मिलेगा. इससे भुगतान भुगतान संबंधी शिकायतें लगभग समाप्त हो जाएगी. घर की बिजली खपत संबंधित ग्राहक हर आधे घंटे में अपने मोबाइल फोन पर देख सकेंगे. बिजली खपत पर सीधा नियंत्रण भी रहेगा. इस बीच, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली उपभोक्ता घर में वाशिंग मशीन, गीजर, एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों का खूब उपयोग करते हैं. ऐसे में ज्ञह्लष्ठ मीटर से उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभहोगा. छत पर सौर ऊर्जा परियोजना वाले ग्राहकों के लिए उपयोग की गई और शेष बिजली का हिसाब रखना सुविधाजनक होगा. टाइम ऑफ डे प्रणाली के अनुसार, खपत की अवधि के अनुसार बिजली का शुल्क लिया जाता है. औद्योगिक क्षेत्र के बाद पहली बार घरेलू उपभोक्ताओं ने सस्ती बिजली दरों के लिए ज्ञह्लष्ठ के अनुसार शुल्क लेना शुरू किया है. महावितरण ने 2025 से 2030 तक पांच वर्षों के लिए घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टाइम ऑफ डे (ज्ञह्लष्ठ) के अनुसार सस्ती बिजली दरों का प्रस्ताव आयोग को प्रस्तुत किया था. आयोग ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच उपयोग की गई बिजली पर 80 पैसे प्रति यूनिट की छूट दी है. लाभ 1 जुलाई से मिलना शुरू हो गया है.

### पैसे बचाने के लिए लोग लगाए स्मार्ट मीटर

महावितरण स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चला रहा है. अब तक जिले के विभिन्न प्रकार के लगभग 1,87,226 बिजली उपभोक्ताओं के यहां नि:शुल्क स्मार्ट ज्ञह्लष्ठ मीटर लगाए जा चुके हैं.महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दिन के समय बिजली की खपत में 80 पैसे प्रति यूनिट की छूट की घोषणा की है. बिजली दरों में छूट 1 जुलाई से मिलनी शुरू हो गई है. महावितरण के मुख्य अभियंता ने बिजली उपभोक्ताओं से पैसे बचाने के लिए अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की अपील की है.

# 22 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, 4 दिवसीय होगा कार्यक्रम अग्रसेन जयंती की तैयारियां प्रारंभ



**गोंदिया**-अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती इस वर्ष भी श्री अग्रसेन भवन, गोंदिया में श्री अग्रसेन स्मारक समिति के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई जाएगी. संस्था सचिव आशीष अग्रवाल ने बताया कि 18 सितंबर से प्रारंभहो रहे चार दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर है. 22 सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात आयोजित मुख्य समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान व मेधावी छात्र छात्राओं को प्रावीण्यता पदक प्रदान किए जाएंगे. जयंती समारोह के मुख्य अतिथियों में मुंबई से उद्योगपति संजय भागीरथमल अग्रवाल, बजरंगलाल गुलाबचंद अग्रवाल, पवनकुमार रामकिशन अग्रवाल तथा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में यंगेस्ट सीए के रूप में दर्ज कराने वाली मुरैना की सीए नंदिनी नरेशचंद्र अग्रवाल शामिल रहेंगे. समिति अध्यक्ष निलेश अग्रवाल के नेतृत्व में महिला समिति अध्यक्षा स्वाति गोयल, पार्थ अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल व समस्त कार्यकारिणी समाज बंधुओ के साथ तैयारियों मे सक्रिय है.

# मृतक के परिजनों से मिले विधायक बडोले सड़क दुर्घटना में हुई थी तारेश की मौत



**अर्जुनी मोरगांव**-नवेगांवबांध के पास कोहमारा-अर्जुनी मोरगांव राज्य महामार्ग पर एक दुर्घटना में नवेगांवबांध निवासी तारेश मनोहर सांगोलकर (25) की मृत्यु हो गई. दुर्घटना पीछे से आ रही एम्बुलेंस के जोरदार टक्कर के कारण हुई. जिसमें तारेश की मौके पर ही मौत हो गई. विधायक और पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले ने सांगोलकर के परिवार से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की. इस अवसर पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष यशवंत गणवीर, राकांपा तहसील अध्यक्ष लोकपाल गहाणे, पूर्व उपाध्यक्ष होमराज पुस्तोड़े, खरीदी बिक्री संचालक जयंत लांजेवार, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य शीतल राऊत आदि उपस्थित थे. इसके अलावा नवेगांवबांध निवासी बबलू जैन की माता केसर जैन का कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था. वहां पर भी विधायक बडोले ने जाकर उनके परिवार वालों को सांत्वना दी. नेताओं के ऐसे मुलाकात से आम जनता में एक सहानुभूति व आपसी संबंध स्थापित होता है.

# नैनपुर के आंगनवाड़ी में तालाबंदी का फैसला राशन चुराने पर कार्रवाई की मांग




**सड़क अर्जुनी**-गांव की महिलाओं ने 9 सितंबर को सीधे तौर पर आंगनवाड़ी पर तालाबंदी करने का अपना गुस्सा जाहिर किया. उन्होंने सार्वजनिक रूप से संकल्प लिया है कि अब से गांव का कोई भी बच्चा और यहां तक कि अमृत आहार लेने वाली महिलाएं भी आंगनवाड़ी नहीं जाएंगी. उन्होंने सीडीपीओ टांडेकर के सामने यह बात कही. महिलाओं ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का यह तीसरा विवादास्पद मामला है. 2021 में भी ग्रामीणों ने उसे आंगनवाड़ी से बच्चों का राशन चुराते हुए रंगेहाथों पकड़ा था. दया की गुहार लगाने के बाद अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जाने दिया था.उस समय उचित कार्रवाई न होने पर, यह कदाचार फिर से सामने आने पर महिलाओं ने कड़ा रुख अपनाया है. बुधवार को गांव की महिलाओं ने सीडीपीओ टांडेकर के समक्ष यह मामला उठाया है और कहा है कि अब से निष्पक्ष कार्रवाई की जाए, अन्यथा ग्रामीणों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है. छोटे बच्चों के हक पर डाका डालने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को ग्रामीण स्वीकार नहीं करते. तत्काल निलंबन के अलावा कोई विकल्प नहीं है, यह महिलाओं की कड़ी चेतावनी है.

# जिला अस्पताल की आरओ मशीन बंद, खरीदना पड़ रहा पानी डीन को आरओ मशीन बंद होने की जानकारी ही नहीं




**गोंदिया**-बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा करने वाले जिला केटीएस अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से मरीजों और उनके परिजनों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा हैं। मंगलवार, 9 सितंबर को अस्पताल में जाकर पड़ताल करने पर यहां पेयजल के लिए स्थापित आरओ मशीन बंद नजर आई। इस बारे में मरीजों के परिजनों ने बताया कि, अस्पताल में लगी आरओ मशीन कई दिनों से बंद पड़ी हैं। जिससे उन्हें मजबूरन उन्हें बाहर से बोतल बंद पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही हैं। पहले ही मानसून का दौर होते हुए भी लोग गर्मी और उमस से हलाकान है और उन्हें बार-बार पानी की जरूरत पड़ रही हैं। लेकिन जब वे पानी की खाली बोतलें लेकर जैसे ही अस्पताल में स्थापित आरओ मशीन की ओर जाते हैं तो खाली टोटियां देखकर वापस लौट जाते हैं। इधर, बदले मौसम के मिजाज के कारण जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। जो पानी के लिए यहां आरओ मशीन के पास जाते है, लेकिन यह आरओ प्लांट होने से मजबूरी में उन्हें बोतल बंद पानी खरीदना पड़ता है। बताया जाता है कि, यह आरओ प्लांट कई दिनों से बंद होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन की ओर से इसे सुधारने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से अस्पताल में आनेवाले मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशान होना पड़ रहा है।

### मुझे जानकारी नहीं है

आरओ मशीन बंद होने के संदर्भ में मुझे जानकारी नहीं है। मैं स्वयं जाकर इसकी जांच करता हूं। मशीन अगर बंद है तो इसकी दुरुस्ती के लिए संबंधित को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

**- डा. कुसुमाकर घोरपड़े, डीन, जीएमसी, गोंदिया**

# 8 बकरियों को बनाया निवाला पशुधन मालिकों में दहशत का माहौल



**गोंदिया**-गोंदिया, ब्यूरो. तहसील के जरताड़ गांव में अज्ञात जंगली जानवर ने 8 बकरियों को अपना निवाला बना लिया. घटना रविवार को सामने आई है. इस घटना में पशु धन मालिक शिवप्रसाद अजीतवार को हजारों रु. का नुकसान पहुंचा है. इस घटना से अन्य पशुधन मालिकों में दहशत निर्माण हो गई है. भानपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत जरताड ग्राम आता है. रविवार को जंगली जानवर ने 8 बकरियों का शिकार कर लिया. घटना में शिवप्रसाद अजीतवार को 50 हजार रु. से अधिक का नुकसान हुआ है. इस घटना से अन्य पशुधन मालिकों में दहशत निर्माण हो गई है. ग्राम के उपसरपंच योगेश पतेह ने घटना की जानकारी वन विभाग को देकर मांग की है कि ग्राम की सीमा में तार की सुरक्षा दीवार तैयार कर जंगली जानवरों से पशु धन व ग्रामीणों को सुरक्षा दी जाए.

# महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने महा गणेशोत्सव एक सराहनीय पहल - प्रजित नायर

## ज़िलाधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित गणेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया



**बुलंद गोंदिया।** लोक कला महाराष्ट्र की संस्कृति है इसके माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। ज़िलाधिकारी प्रजित नायर ने कहा कि महा गणेशोत्सव महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने हेतु एक सराहनीय पहल है। सांस्कृतिक कार्य विभाग, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई और ज़िलाधिकारी कार्यालय गोंदिया द्वारा संयुक्त रूप से जलाराम लॉन, आमगाँव रोड, गोंदिया में आयोजित महाराष्ट्र राज्य उत्सव महा गणेशोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, निवासी उपजिलाधिकारी भैयासाहेब बेहरे, उपजिलाधिकारी (सामान्य) मानसी पाटिल, तहसीलदार शमशेर पठान, अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबले उपस्थित थे। जिलाधिकारी नायर ने आगे कहा कि महाराष्ट्र एक विकसित राज्य है। राज्य की अपनी संस्कृति है। महाराष्ट्र में, राज्य के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक गणेशोत्सव मनाया जाता है। भक्ति और आध्यात्मिकता के साथ सामाजिक पहलुओं को समेटे इस उत्सव को सरकार द्वारा राजकीय उत्सव घोषित किया गया है। गणेशोत्सव महाराष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान है। गणेशोत्सव हमारी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और संवर्धन के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलता है। एसपी भामरे ने कहा कि गणेशोत्सव मनाना महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत है। लोगों की धार्मिक भावनाओं के अनुरूप महाराष्ट्र के सांस्कृतिक इतिहास को लोगों तक पहुँचाना सरकार की नीति है। इस गणेशोत्सव के माध्यम से महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के लिए, कलाकारों को इस माध्यम से हमारी संस्कृति के संरक्षण हेतु एक मंच प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर, समाज का प्रत्येक व्यक्ति गणेशोत्सव में भाग लेता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए और महा गणेशोत्सव उत्सव को शांति और आनंद के साथ मनाना चाहिए। प्रारंभ में कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सत्य साई सेवा मंडल गोंदिया द्वारा वीण निष्क गणना गजाननरे गणनाथा, जगदेश्वरी दया करो मां शिवशंकरी कृपा करो मां, माजोरे मेबुवा साई राजगोपाला, जय गणराया श्री गणराया मंगलमूर्ति मोरया भजन प्रस्तुत किये गये। नरखेड़ा डांस ग्रुप के कलाकारों द्वारा आओ गजानंद आओ. आके भक्तों का मन बढ़ाओ, आओ गजानंद प्यारे..गिरजा के दूल्हे, मूक में हरी है मन में हरी है, दम दम बाजे रे बरवा भजन प्रस्तुत किये गये। इसके बाद नरखेड़ा डांस ग्रुप के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। बाद में स्वच्छता समृद्धि कड़ा गीत पर गणेश स्मरण प्रस्तुत किया गया। असर फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा वासुदेव आला गीत पर लोक संगीत प्रस्तुत किया गया। लावण्या कटरा नाम की लड़की ने %राधा गोरी-गोरी...बरसाने छोरी% गाने पर डांस किया. अदासी की बालिकाओं ने गोंडी नृत्य प्रस्तुत किया। नरखेड़ा डांस ग्रुप के कलाकारों द्वारा गवलन की प्रस्तुति दी गई। धनश्री पारधी नाम की लड़की ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया. गोंडल पर अंबाबाई का उधव-उधव प्रदर्शन किया गया. असर फाउंडेशन के कलाकारों ने जय महाराष्ट्र माझा, ऐ जगदंबेचा जोगवा, विठ्ठलचा वारिला चला की प्रस्तुति दी। डॉ. अजय कुमार शर्मा ने जनता राजा शिवाजी महाराज पर गीत प्रस्तुत किया। पूनम पाटिल ने वाट पहते मी गण, अरे साजन माझा नामक लावणी प्रस्तुत की। इसके बाद बालिकाओं ने गोंडी नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का परिचय रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर भैयासाहेब बेहरे ने किया। उन्होंने अपने परिचय में महाराष्ट्र के राजकीय उत्सव महागणेश महोत्सव के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, जिला परिषद सूचना एवं शिक्षा विशेषज्ञ अतुल गजभिये और प्राकृतिक आपदा कार्यालय के संजय लाडे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार प्रकाश तिवारी, सहायक अधीक्षक देवेंद्र पोरचेट्टीवार, सहायक सूचना अधिकारी कैलाश गजभिये और सामाजिक कार्यकर्ता रोहिणी राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंजूश्री देशपांडे ने किया, जबकि तहसीलदार शमशेर पठान ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## महिला आयोग आपके द्वार पहल के अंतर्गत 17 सितंबर को जनसुनवाई

बुलंद गोंदिया। स्थानीय स्तर पर पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग द्वारा %महिला आयोग आपके द्वार% पहल के अंतर्गत 17 सितंबर 2025 को जनसुनवाई का आयोजन किया गया है, जिसमें राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर उपस्थित रहेंगी। जनसुनवाई 17 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक गोंदिया के जिला योजना भवन स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई है। साथ ही, पुलिस विभाग के महिला एवं बाल सहायता डेस्क द्वारा प्राप्त प्रकरणों और जिले में पुलिस मुख्यालय में स्थापित भरोसा प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त प्रकरणों को जनसुनवाई में रखा जाएगा। शिकायतकर्ता पीड़ित महिलाओं को स्थानीय स्तर पर तत्काल सहायता मिले, कोई भी पीड़ित महिला बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे आयोग के समक्ष लिखित रूप में अपनी समस्या सुनवाई के लिए प्रस्तुत कर सकती है। इस जनसुनवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानूनी विशेषज्ञ, पुलिस विभाग और परामर्श केंद्र द्वारा तत्काल सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। इसके लिए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रेशमा मोरे ने जिले की महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी समस्याएँ आयोग के समक्ष रखें।

# 150 विद्यार्थियों ने ताइक्कांडो प्रतियोगिता 2025 लिया भाग

## अर्जुनी मोरगाव तहसील में आयोजित



**बुलंद गोंदिया।** अर्जुनी मोरगांव क्रीड़ा संकुल में ताइक्कांडो प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया था जिसमें 150 विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रतियोगिता में अपने जौहर दिखाएं इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक राजकुमार बडोले द्वारा कर उपस्थित खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर शुभकामनाएं दी। ताइक्कांडो स्पर्धा 2025 का आयोजन अर्जुनी मोरगांव कीड़ा संकुल में किया गया था इस प्रतियोगिता में गोंदिया जिले के 150 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी ताइक्कांडो प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री व विधायक राजकुमार बडोले के हस्ते किया गया इस अवसर पर विधायक बडोले ने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रशांत सहारे, पंचायत समिति सड़क अर्जुनी सभापति चेतन वळगाये,अर्जुनी मोरगांव की नगराध्यक्ष श्रीमती मंजूषा बारसागडे, शेतकरी खरीदी बिक्री संघ के उपाध्यक्ष विजय कापगते, पंचायत समिति के पूर्व उपसभापति होमराजजी पुस्तोडे, तथा नितिन नाकाडे, सम्राट भीमटे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री प्रशांत सहारे, मिथुन टेभुणे, सम्राट भीमटे व राज्य कीड़ा संगठन दुलीचंद मेश्राम के हस्ते वितरण किया गया।

# वाराणसी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में गोंदिया का नाम रोशन

## जीवेश ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य



**गोंदिया**-आदर्श भारत पब्लिक स्कूल, गोंदिया के छात्र जीवेश कामड़े (कक्षा 4) ने 29 से 31 अगस्त 2025 तक वाराणसी (उत्तरप्रदेश) में आयोजित छठी राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता. देश भर के विभिन्न राज्यों से स्वर्ण पदक जीतकर इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए ख्यातिप्राप्त खिलाड़ियों में जीवेश ने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और अथक परिश्रम के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपना राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया. जीवेश ने 10 वर्ष की आयु वर्ग में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था. इससे पहले, जुलाई 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और स्वर्ण पदक जीतकर छठी राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए अपना स्थान निश्चित किया था. इस सफलता ने आदर्श भारत पब्लिक स्कूल के साथ-साथ गोंदिया जिले का भी मान बढ़ाया है. संस्था के अध्यक्ष जयेशचंद्र रामादे, निदेशक जे.के. लोखंडे और कार्यकारी अधिकारी युवराज काटकर ने जीवेश की सफलता की सराहना की है. प्रधानाचार्य हर्षवर्धन कांबले ने जीवेश, उसके माता-पिता, प्रशिक्षकों, खेल शिक्षक सोहेल तिगाला और स्कूल के शिक्षकों को बधाई दी है और अभिमान व्यक्त किया है. जीवेश ने आने वाले दिनों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है.

# सिंधु फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा बनाएं गए इको-फ्रेंडली टैंक में 806 श्रद्धालुओं ने कीया गणेश प्रतिमाओ का विसर्जित



**बुलंद गोंदिया।** प्रतिवर्षानुसार सिंधु फ्रेंड्स ग्रुप गोंदिया द्वारा सिंधी स्कूल मैदान में इको-फ्रेंडली कृत्रिम तालाब (पानी टैंक) बनाकर गणेश प्रतिमा विसर्जन का आयोजन किया गया। जिसमे 806 श्रद्धालुओं ने कृत्रिम तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। गौरतलब है की पिछले वर्ष 650 प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 800 के ऊपर प्रतिमाओं तक पहुँची। उल्लेखनीय है कि इस पहल से प्रेरित होकर अब आसपास के जिलों में भी इसी प्रकार के आयोजन शुरू किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में जिल्हाधिकारी प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गौरख भांभरे, शहर पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते, नगर परिषद के अधिकारी राजीव जाधव, सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष दरयानोमल आसवानी, राजकुमार नौतानी, किशन तोलानी, तानिया भागवानी, रोहित अग्रवाल सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सिंधु फ्रेंड्स ग्रुप की टीम में अध्यक्ष विकास तोलानी, अमित थावरानी, नीरज रंगलानी, पवन संभावनी, विजू नौतानी, आकाश हेमराजनी, हेमंत गोपालानी, गिरीश बिल्दानी, दिलीप पंजवानी, अविनाश जयसिंघानी ने आयोजन की सफलता में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद (गुड्डू) चांदवानी ने किया तथा आभार प्रदर्शन विकास तोलानी द्वारा किया गया।

# केटीएस से 7 अस्थि रोग छात्रों को सर्जरी के लिए भेजा गया



**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत, जिले में आंगनवाड़ी और स्कूली छात्रों की आरबीएसके टीम के चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से जाँच की योजना बनाई गई है। इसी क्रम में, 25 मार्च को बाई गंगाबाई अस्पताल स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में जिले के 99 अस्थि रोग विशेषज्ञों के लिए शल्य चिकित्सा पूर्व जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका परीक्षण चिल्ड्रन ऑर्थोपेडिक केयर इंस्टीट्यूट, नागपुर के डॉ. विराज शिंगाड़े ने किया। इस शिविर से कुल 20 अस्थि रोग विशेषज्ञों का चयन शल्य चिकित्सा के लिए किया गया। इनमें आमगाँव तहसील के 2, अर्जुनीमोर के 2, गोंदिया के 9, सालेकसा के 4, सड़क अर्जुनी के 1 और तिरोडा के 2 छात्र शामिल थे। विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग छात्रों को शिक्षा की धारा में बनाए रखने के लिए, उनकी चिकित्सीय जाँच की जाती है और आवश्यकतानुसार शैक्षिक सहायता सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। आंगनवाड़ी और कक्षा 1 से 12वीं तक पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों का ऑपरेशन करने से उनकी विकलांगता कम होती है और उन्हें अपना दैनिक जीवन जीने में मदद मिलती है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले ने बताया कि समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने और शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली बाधाएँ स्वत: ही दूर हो जाती हैं।डॉ. विराज शिंगाड़े, चिल्ड्रन ऑर्थोपेडिक केयर इंस्टीट्यूट, अध्यक्ष नागरी नारायणजी मेमोरियल फाउंडेशन, अजनी चौक, वर्धा रोड नागपुर द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार, 9 सितंबर से नागपुर में 20 दिव्यांग छात्रों की नि:शुल्क सर्जरी की जाएगी।आरबीएसके और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से 11 सितंबर को दिव्यांग छात्रों की नि:शुल्क सर्जरी की जाएगी। आरबीएसके समन्वयक संजय बिसेन ने बताया कि 8 सितंबर को केटीएस जनरल अस्पताल से 7 अस्थि दिव्यांग छात्रों को सर्जरी के लिए प्रवीरा अस्पताल, नागपुर भेजा गया था। ऑपरेशन के दौरान अभिभावकों और छात्रों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। साथ ही, जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के डीआईईसी समन्वयक पारस लोनारे ने बताया कि छात्रों की सर्जरी के बाद, विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह के अनुसार नागपुर में फॉलो-अप और फिजियोथेरेपी भी की जाएगी। इनमें आयुष धमगाये, खुशी डोंगरवार, अवि दुधबाराई, संस्कृति मडावी, कार्तिक कावरे, दिशुजा टेंभेकर और बिप्लव कावरे शामिल हैं।


# कार्यालय नगर परिषद, गोंदिया

## नगर परिषद गोंदिया

Phone No.07182-236879
Email Id : chiefofficergondia@gmail.com

क्रमांक-नपगो/ मुअ/स्व.वि/588/2025
दिनांक-08/01/2025

## जाहीर सुचना

गोंदिया शहरातील सर्व नागरिकांना सुचित करण्यात येते की, गोंदिया शहरातील मुख्य रस्त्यावर मोकाट जनावरे फिरत असल्याने वाहतुकीस/रहदारीस अडथळा निर्माण होऊन अपघाताचे प्रमाण वाढलेले आहे. शहरातील मोकाट जनावरांच्या मालकांनी आपली जनावरे मोकाट सोडु नयेत. यापुढे नगरपरिषद गोंदिया क्षेत्रात मोकाट जनावरे फिरतांना आढळल्यास जनावरांना पकडुन जनावरांच्या मालकाविरुध्द महाराष्ट्र नगरपरिषदा, नगर पंचायती व औद्योगिक नगरी अधिनियम 1965 चे कलम 285,288 व 291 नुसार कायदेशीर कार्यवाही करण्यात येईल. याची गांर्भियाने नोंद घ्यावी.

**मुख्याधिकारी तथा प्रशासक**
**नगर परिषद गोंदिया**


## मोटरसाइकिल चोरी

गोंदिया-शहर थाने के तहत केटीएस अस्पताल से अज्ञात व्यक्ति ने मुंडीपार निवासी करण रमेश गायधने (19) की मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 एसी 4032 को चुरा लिया. जिसकी कीमत 30 हजार रु. बताई गई है.

## लोहे के पाइप से प्रहार

**गोंदिया**-देवरी थाने के तहत भागी-डवकी निवासी फिर्यादी रविंद्र गणेश सराटे (39) गांव के आरोपी मोहित मानसिंग भलीन (40) के यहां मछली खरीदने गया था. इसी दौरान आरोपी ने चुल्हे के पास में रखे लोहे के पाइस से फिर्यादी के आंख के पास प्रहार कर दिया. जिसमें वह घायल हो गया. देवरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

# श्री बाल गणेश उत्सव समिति शास्त्री वार्ड ने सामाजिक, धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गणेश उत्सव



**बुलंद गोंदिया।** गणेश उत्सव पर्व का आयोजन 27 अगस्त से शुरू हुआ था जिसमें 10 दिनों तक बाल गणेश उत्सव समिति शास्त्री वार्ड पटेल चौक द्वारा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, जनजागृति के कार्यक्रमों के साथ पर्व का आयोजन किया। गौरतलब है की श्री बाल गणेश उत्सव समिति शास्त्री वार्ड पटेल चौक द्वारा वर्ष दूसरे के अवसर पर भगवान गणेश की अष्टविनायक प्रतिमा स्थापित कर 10 दिनों तक शासन के दिशा निर्देश अनुसार सामाजिक जन जागृति के कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर गणेश पर्व मनाया जिसमें महिला समिति व पूर्व पार्षद सुनील तिवारी का सहयोग विशेष रहा।आयोजन समिति के अध्यक्ष अंकुश यादव के साथ भुवन यादव, प्रणय गड़पायले, चेतू यादव, प्रकाश लिंगेकर, झनक यादव, कुश आगासे, अमोल मेश्राम, यश बल्ले, मनोज यादव, अरविंद गढ़पायले, समीर ऊके, लक्की सूर्यवंशी, बीरबल बड़े, महिला समिति में पल्लवी यादव, नेहा शंखवार ,ललिता यादव, आयशी बल्ले, आंचल बलभद्रे, शारदा वानखेड़े ,प्रतिक्षा ठाकुर, हेमा यादव ने आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संपत्ति विवाद में महिला को दांतों से काट डाला

## आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज, पैतृक संपत्ति का मामला



**भंडारा**-जवाहरनगर थाने में पैतृक संपत्ति विवाद को लेकर मारपीट और गाली-गलौज का गंभीर मामला दर्ज हुआ है. घटना 4 सितंबर को ग्राम पंचायत पुरानी खैरी में घटी. फिर्यादी प्रियाल्पा मंगरु नारनवरे (37) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पैतृक मकान और जमीन की हिस्सेदारी को लेकर उसका पति और आरोपी पक्ष के बीच विवाद चल रहा था. इस विवाद में खैरी पुनर्वसन निवासी आरोपी लोकेश रतिराम नारनवरे (35) तथा मेडिकल चौक, नागपुर निवासी आरोपी लता प्रफुल बागडे (60) ने फिर्यादी के पति को यह कहते हुए कि %घर और जमीन हमारी है% गाली-गलौज की और मारपीट की. इसी दौरान आरोपी लोकेश ने फिर्यादी के पति के साथ हाथापाई की और फिर्यादी महिला के बाल पकड़कर हाथों से पीटा. आरोपी लता बागडे ने भी महिला को मुक्कों से मारते हुए उसके बाएं हाथ पर दांत से काटा. दोनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी. शिकायत और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर जवाहरनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 118 (1), 115(2), 351(2)(3), 352, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।